भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †930

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन उद्योग पर वैश्विक टकराव का प्रभाव**

**†930. एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्जः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि केरल राज्य देश में पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य है, राज्य के पर्यटन उद्योग पर इज़राइल-ईरान के बढ़ते संघर्ष के प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यटन पर वैश्विक संघर्षों के प्रभाव को कम करने के उपायों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और केरल के पर्यटन उद्योग को सहायता देने के लिए की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ग) अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानकों को बनाए रखने और पर्यटकों का निरंतर आवागमन सुनिश्चित करने के लिए केरल राज्य में पर्यटन ऑपरेटरों और बुनियादी ढांचे में मदद करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए या प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष का केरल के पर्यटन उद्योग पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा कोई अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, भारत और केरल में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीवी) का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **भारत में एफटीवी (लाख में)** | **केरल में एफटीवी (लाख में)** | **पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (%)** | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **भारत** | **केरल** |
| 2019 | 314.09 | 11.90 | - | - |
| 2020 | 71.72 | 3.41 | -77.17 | -71.36 |
| 2021 | 10.55 | 0.60 | -85.29 | -82.25 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 85.88 | 3.46 | 714.26 | 471.28 |
| 2023 | 192.46 | 6.49 | 124.11 | 87.83 |

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र पर्यटन विभाग

(ख): पर्यटकों की सुरक्षा वस्तुत: राज्य सरकार का विषय है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने विशिष्ट पर्यटन पुलिस की व्यवस्था करने के लिए सभी राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के समक्ष इस मामले को उठाया है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

पर्यटन मंत्रालय ने 10 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं सहित 12 भाषाओं में टोल फ्री नंबर 1800111363 या लघु कोड 1363 पर 24x7 बहुभाषी पर्यटक सूचना-हेल्पलाइन शुरू की है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन प्रचालकों और अवसंरचना को सहायता प्रदान करने के लिए निम्नानुसार अनेक कदम उठाए हैं:

I. राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों, केन्द्रीय एजेंसियों और निजी हितधारकों के सहयोग से ‘स्वदेश दर्शन’, ‘प्रशाद’ और ‘पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता’ जैसी योजनाओं के अंतर्गत केरल सहित देश भर में विभिन्न पर्यटक गंतव्यों पर अवसंरचना और सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार करना। केरल राज्य में ऐसी परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न है।
II. 'सेवाप्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण', 'अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता' (आईआईटीएफ), 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' जैसी क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर केंद्रित पहलों के माध्यम से समग्र गुणवत्ता और अतिथियों के अनुभव को बेहतर बनाना।
III. पर्यटन मंत्रालय विभिन्न श्रेणी के पर्यटकों के लिए अपेक्षित मानकों के अनुरूप विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए उपयुक्तता की दृष्टि से वर्गीकरण की अपनी स्वैच्छिक योजना के तहत होटलों और रिजॉर्टों को स्टार रेटिंग प्रणाली के अंतर्गत वर्गीकृत करता है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय आवास इकाइयों अर्थात् होमस्टे/बीएंडबी, गेस्ट हाउस, टेंट वाले आवासों और पर्यटन सेवा प्रदाताओं, अर्थात् ट्रेवल एजेंटों, टूर ऑपरेटरों, पर्यटक परिवहन प्रचालकों का वर्गीकरण/अनुमोदन भी करता है।

*****

**अनुबंध**

एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज द्वारा पर्यटन उद्योग पर वैश्विक टकराव का प्रभाव के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †930 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

**केरल में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/अधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा- गवी- वागामोन- तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली- पम्पा- सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री पद्मनाभ अरनामुला का विकास | 78.08 | 73.77 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्यम- चेंबझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 | 42.01 |

**केरल में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य का एक्सपीरियंस | 13.92 |

**केरल में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत लागत** | **जारी राशि** | **वास्तविक प्रगति %** |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 100% |

**केरल में पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 901 | 826.29 |
| 2. | एर्नाकुलम घाट के बर्थ एवं बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 2141 | 1912.8 |
| 3. | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | एसएआई | 2464.99 | 1232.49 |
| 4. | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 120.79 | 114.17 |
| 5. | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 | 466.47 |
| 6. | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1029.7 | 888.62 |

*****